कानपुर नगर निगम
(कार्मिक विभाग)
संविदा सफाई कर्मचारी चयन हेतु आवश्यक सूचना
विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या–2021/9–1–16–185 सा/10टीसी, दिनांक 04 जुलाई, 2016 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों की निम्नानुसार संविदा पर भर्ती/नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्तियों का विवरण निम्नवत हैः–

क0सं0	निकाय का नाम	रिक्तियों की संख्या एवं आरक्षण				
1.	कानपुर नगर निगम	भर्ती योग्य कुल रिक्त पद	अनुसूचित जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जन जाति	अनारक्षित
		3275	688	884	66	1637

सामान्य निर्देश

1. संविदा सफाई कर्मियों को निर्धारित संविदा धनराशि (सम्बन्धित पद का अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन का न्यूनतम तथा उस पर राज्य कर्मचारियों को समय–समय पर देय मंहगाई भत्ते के समान धनराशि) अनुमन्य होगी।
2. आवेदन पत्र पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक से नगर आयुक्त, नगर निगम, कानपुर कक्ष संख्या–14, मोतीझील, कानपुर नगर पिन कोड–208002 के पते पर विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 10 दिवसों के अन्दर दिनांक–07-08-16 को सायं 5:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगें। आवेदन पत्र का प्रारूप नगर निगम, कानपुर की वेबसाइट www.kmc.up.nic.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
3. नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक प्रेषण में खोने या अन्य के विलम्ब हेतु विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।
4. आवेदन पत्र के साथ नाम व पता लिखे 02 लिफाफे रू0 27/– के डाक टिकट चिपकाकर प्रस्तुत करना होगा।
5. आवेदन हेतु दिनांक 01.07.2016 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष है। इसके अतिरिक्त समय– समय पर आरक्षित श्रेणियों के लिये जारी शासनादेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा से छूट अनुमन्य होगी।
6. आवेदन पत्र के साथ स्वप्रमाणित सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जो सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त हो, संलग्न करें।
7. निकाय में पूर्व से संविदा पर कार्यरत अथवा ठेकेदारों के माध्यम से कार्यरत सफाई कार्मिकों तथा नगरीय क्षेत्र में मैनुवल स्कैवेन्जरों को भी निर्धारित अर्हता पूर्ण करने पर इस भर्ती में वरीयता दी जायेगी, जिसके लिए अनुभव के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. चयन समिति के समक्ष सभी मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. संविदा सफाई कार्मिकों की सेवायें संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उनकी संविदा सेवाये समाप्त की जा सकती है।
10. अपूर्ण आवेदन पत्र पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जायेगा।
11. चयन सूची में नामों को साक्षात्कार में प्रदान किये गये अंकों के अनुसार रखा जायेगा चयन समिति के समक्ष बुलाये जाने पर कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
12. आवेदनकर्ता को चयन समिति के समक्ष निर्धारित दिन एवं समय पर उपस्थित होने की सूचना दी जायेगी। सूचना नगर निगम मुख्यालय के सूचनापट पर चस्पा की जायेगी तथा नगर निगम की वेबसाइट www.kmc.up.nic.in पर भी देखी जा सकती है। साक्षात्कार हेतु नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित न होने पर आवेदन निरस्त माना जायेगा।

(अतुल कृष्ण सिंह)
प्रभारी अधिकारी (कार्मिक)

(उमेश प्रताप सिंह)
नगर आयुक्त